उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–5057/26 दिनांक 02/07/26

<u>अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध</u>

सेवा में,
प्रबंधक/प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष,
समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय–अगस्त 2026 में इनरोल्ड सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख पाठ्यक्रमों के छात्र/छात्राओं के अपलोड किये गये प्रपत्रों में त्रुटियों/कमियों के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख प्रशिक्षण सत्र 2025–26 के माह सितम्बर–2026 की परीक्षा हेतु इनरोल्ड किये गये प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के अपलोड किये गये प्रपत्रों में त्रुटियाँ/कमियाँ पायी गयी हैं। जिसकी सूची इस पत्र के साथ संलग्न कर इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर इस आशय के साथ अपलोड की जा रही हैं, कि सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान त्रुटियाँ/कमियों का पूर्ण निदान/पूर्ति दिनांक **07.07.2026** तक अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि पत्र के साथ संलग्न पाठ्यक्रमवार/प्रशिक्षण केन्द्रवार सूची में उल्लिखित समस्त त्रुटियाँ/कमियों का निदान/पूर्ति निर्धारित समय–सीमा दिनांक **07.07.2026** तक अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा त्रुटियाँ/कमियों का पूर्ण निदान/पूर्ति करने के उपरान्त ही अध्ययरनत छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क ऑनलाइन के माध्यम से जमा करें। यदि प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा छात्र/छात्राओं के प्रपत्रों में त्रुटियाँ/कमियाँ का पूर्ण निदान/पूर्ति किये बिना छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा कर दिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में अध्ययरनत छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान की होगी।

भवदीय,

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।